राष्ट्रीय होटल प्रबन्ध एवं केटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद
(पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी निकाय)
NATIONAL COUNCIL FOR HOTEL MANAGEMENT AND CATERING TECHNOLOGY
(An Autonomous Body under Ministry of Tourism, Govt. of India)
ए-34, सेक्टर 62, नोएडा - 201309 उत्तर प्रदेश))
A-34, Sector 62, NOIDA - 201309 (Uttar Pradesh)
टैलि/Tel: 0120-2590600-623 ईमेल-/e-mail : nchmctadmn@gmail.com वेबसाईट/Website: www.nchm.nic.in / www.nchm.gov.in

File No.: NCHM-10106/4/2021-ADMIN Date: 13.08.2026

# NOTICE

## Conduct of Online Entrance Test (OET) Round-5 for Admission to the B.Sc. (Hospitality & Hotel Administration) Programme – Academic Session 2026-27

The National Council for Hotel Management & Catering Technology (NCHMCT) shall conduct the Online Entrance Test (OET) Round-5 for filling the residual seats remaining vacant after completion of the NCHM JEE-2026 counselling process and various rounds of OETs for admission to the Three-Year B.Sc. (Hospitality & Hotel Administration) Programme offered by affiliated Institutes of Hotel Management (IHMs).

Candidates fulfilling the prescribed eligibility conditions for admission to the Programme may apply online as per the schedule given below.

### 1. Schedule of Online Entrance Test

| Activity | Date & Time |
|---|---|
| Last Date and Time for Online Registration (OET Round-5) | 24.08.2026 (Monday) till 04:00 PM |
| Conduct of OET Round-5 Examination | 26.08.2026 (Wednesday),11:00 AM to 12:00 Noon |
| Result/Seat Allotment to Round-5 Candidates | 02.09.2026 (Tuesday) |

### 2. Online Registration

1. The Online Registration Portal for the OET Round-3 shall be available at https://nchmct.in.
2. The individual candidate shall visit the portal and click on "Candidate Login" to complete the registration process.
3. Candidates must provide their correct and active Email ID and Mobile Number at the time of registration. These details shall be authenticated through a One-Time Password (OTP) sent to the registered email address and mobile number.
4. In certain cases, the email OTP may be delayed or may be delivered to the Spam/Junk Folder. Candidates are advised to check their Spam/Junk Folder if the OTP is not received in the Inbox.
5. After successful OTP verification, candidates shall carefully complete the online application form.
6. Candidates are advised to exercise the maximum available preferences for affiliated IHMs in the order of their choice. Institute allotment shall be made strictly on the basis of merit secured in the OET and the preferences submitted by the candidate.
7. No request for addition, deletion or modification of Institute preferences shall be entertained after final submission of the application form.
8. Candidates shall upload clear scanned copies of the following documents. Each file shall be in JPG/JPEG format and shall not exceed 200 KB in size:

   a. Scanned signature of the candidate in Blue or Black ink on a plain white background.
   b. Recent coloured passport-size photograph.
   c. Valid Government-issued Photo Identity Card (Aadhaar Card/Passport/Voter ID/Driving Licence or any other Government-issued Photo ID).

9. Upon successful submission of the application form, candidates shall be redirected to the Online Payment Gateway.

10. A non-refundable and non-adjustable Registration Fee of ₹2,000/- (Rupees Two Thousand only) shall be paid through the online payment facility.

11. Payment may be made through Net Banking, Debit Card, Credit Card or UPI.

12. Only those candidates who have successfully remitted the Registration Fee through the prescribed online mode shall be eligible to appear in the Online Entrance Test. The payment status may take up to 10 minutes to reflect as "Successful" in the candidate's login. The payment receipt shall thereafter be generated automatically on the Admission Portal.

13. Candidates are advised to download and preserve the payment receipt for future reference.

14. The Registration Fee of ₹2,000/- (Rupees Two Thousand only) is non-refundable, non-transferable and valid only for the specific Online Entrance Test (OET) round for which the candidate has registered. The Registration Fee paid for one OET round shall not be carried forward, adjusted or considered valid for any subsequent OET round. Candidates desirous of appearing in any subsequent round of the OET shall be required to submit a fresh online application and remit the prescribed non-refundable Registration Fee of ₹2,000/- separately for each such round.

15. Upon successful payment, a unique Roll Number shall be generated and displayed on the Admission Portal. The Roll Number shall also serve as the default password for first-time login. Candidates are strongly advised to change the default password immediately after their first login and preserve the new password carefully for future use.

16. Candidates shall ensure that the correct Roll Number is entered while accessing the online examination. Any discrepancy in the Roll Number or candidate identity may result in cancellation of candidature after due verification by NCHMCT.

17. Candidates who are unable to complete the online registration process independently through the Candidate Login may approach any of the NCHMCT-affiliated Institutes of Hotel Management (IHMs) for facilitation. The concerned Institute may register such candidates on the Admission Portal through its authorised Institute Login, subject to verification of the requisite documents and information furnished by the candidate. The role of the Institute shall be limited to facilitating the registration process only. The accuracy, completeness, and authenticity of all information and documents submitted shall remain the sole responsibility of the candidate. Candidates registered through an Institute Login shall be considered only for admission against the seats available in the Institute through which they have been onboarded onto the Admission Portal.

18. For all candidates whether self-registered or registered by the Institute, the default User ID shall be the registered Email ID or Mobile Number and the default Password shall be the Roll Number allotted to the candidate. Upon first login, candidates are required to change the default password mandatorily for security purposes. Candidates are advised to retain their User ID and newly created password carefully, as the same shall be required for all future activities relating to the admission process.

19. The **NCHM Admission Portal** (https://nchmct.in/login) shall serve as the primary platform for all activities relating to the admission process. Candidates may access and download, through their respective login, the examination schedule, online examination link, examination result, Institute (IHM) allotment details, seat allotment offer letter, payment and receipt of the Seat Acceptance Fee (SAF) and the Provisional Seat Allotment Letter. Candidates are advised to regularly visit the Admission Portal for all updates, notifications, and further instructions relating to the admission process.

20. The list of NCHMCT affiliated Institutes of Hotel Management (IHMs) is available on the NCHMCT website www.nchm.gov.in under the "Institutes" section on the home page. Candidates may visit any convenient affiliated IHM for registration assistance.

**3. Conduct of Online Entrance Test**

1. The examination link shall be made available on the Admission Portal against the respective candidate's login.

2. The examination link shall remain active only during the scheduled examination period.

3. Candidates may appear in the OET from any location using a desktop computer/laptop/tablet/ smartphone with a stable internet connection.

4. Candidates shall log in sufficiently in advance and submit the examination before expiry of the prescribed examination time. Responses submitted after the scheduled closing time shall not be accepted.

5. Candidates shall ensure that the device used for appearing in the OET has adequate battery backup (where applicable), an updated web browser and uninterrupted internet connectivity throughout the duration of the examination.

6. NCHMCT shall not be responsible for any disruption arising due to poor internet connectivity, power failure, hardware malfunction or any other technical issue at the candidate's end.

**4. Pattern of Examination**

Duration: 60 Minutes
Total Questions: 60 Multiple Choice Questions (MCQs)

| Subject | No. of Questions |
|---|---|
| Numerical Ability & Analytical Aptitude | 10 |
| Reasoning & Logical Deduction | 10 |
| General Knowledge & Current Affairs | 10 |
| English Language | 20 |
| Aptitude for Service Sector | 10 |
| Total | 60 |

Each question shall carry one (1) mark. A deduction of 0.25 mark shall be made for every incorrect answer. No marks shall be deducted for unanswered questions.

Any candidate found using unfair means, impersonation, multiple logins, screen-sharing software or any other prohibited practice during the examination shall be liable for cancellation of candidature.

**5. Declaration of Result and Seat Allotment**

1. The result shall be processed only for those candidates who successfully submit the examination within the prescribed time.

2. Candidates shall be ranked on the basis of their performance in the Online Entrance Test.

3. Seat allotment shall be made strictly on the basis of the merit secured in the OET, the Institute preferences exercised by the candidate and the availability of residual seats.

4. Candidates are advised to visit the Admission Portal regularly for announcements and allotment status.

5. No request for change, migration, transfer or upgradation of the allotted Institute shall be entertained after seat allotment.

6. Candidates allotted seats may download their Seat Allotment Offer Letter from the Admission Portal. The decision of NCHMCT regarding conduct of the examination, preparation of the merit list, seat allotment and admission shall be final and binding on all candidates.

**6. Payment of Seat Acceptance Fee (SAF)**

1. Candidates desirous of confirming the allotted seat shall deposit a Seat Acceptance Fee (SAF) of ₹20,000/- through the online payment facility available on the Admission Portal within the timeline displayed in the candidate's login on the Admission Portal.

2. Payment may be made through Net Banking, Debit Card, Credit Card or UPI.

3. After successful payment of the Seat Acceptance Fee, candidates may download the Seat Allotment Letter.

4. Candidates are advised to preserve the payment receipt for future reference.

**7. Document Verification and Admission**

Candidates allotted seats shall report to the allotted Institute within the time prescribed by the Institute along with the following original documents for verification:

1. Provisional Seat Allotment Letter.
2. Valid Government-issued Photo Identity Card.
3. Class X Mark Sheet and Pass Certificate.
4. Class XII Mark Sheet and Pass Certificate.
5. Scheduled Caste/Scheduled Tribe Certificate, wherever applicable.
6. Ten recent passport-size colour photographs.
7. Medical Fitness Certificate.
8. Undertaking regarding submission of the Class XII Pass Certificate, wherever applicable.
   The original documents shall be verified by the Institute and returned to the candidate after verification. Candidates shall pay the First Semester Fee as prescribed by the allotted Institute. The Seat Acceptance Fee of ₹20,000/- shall be adjusted against the First Semester Fee payable at the Institute.

**8. General Instructions**

1. Candidates are advised to regularly visit the Admission Portal and check their registered Email ID (including the Spam/Junk Folder) for all announcements, examination updates and seat allotment information.

2. NCHMCT shall not be responsible for any delay arising due to non-receipt of email, failure to check the Admission Portal or any lapse on the part of the candidate.

3. Admission shall be subject to fulfilment of the eligibility criteria prescribed by NCHMCT and successful verification of original documents.

4. NCHMCT reserves the right to amend, modify, postpone or cancel any part of the admission process whenever considered necessary in the interest of fair and transparent admissions.

5. Candidates are advised to regularly visit www.nchm.gov.in and https://nchmct.in for all announcements and updates.

6. For any clarification or assistance, candidates may contact the OET Helpline at 0120-2590603 / 0120-2590613 / 0120-2590602 on all working days between 9:30 AM and 5:30 PM.

Director (A&F), NCHMCT

राष्ट्रीय होटल प्रबन्ध एवं केटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद
(पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी निकाय)
NATIONAL COUNCIL FOR HOTEL MANAGEMENT AND CATERING TECHNOLOGY
(An Autonomous Body under Ministry of Tourism, Govt. of India)
ए-34, सेक्टर 62, नोएडा - 201309 उत्तर प्रदेश))
A-34, Sector 62, NOIDA - 201309 (Uttar Pradesh)
टैलि/Tel: 0120-2590600-623 ईमेल-/e-mail : nchmctadmn@gmail.com वेबसाईट/Website: www.nchm.nic.in / www.nchm.gov.in

फाइल सं.: NCHM-10106/4/2021-ADMIN दिनांक: 13.08.2026

## सूचना

## शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु बी.एससी. (हॉस्पिटैलिटी एवं होटल प्रशासन) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा (Online Entrance Test - OET) राउंड-5 के आयोजन के संबंध में

राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी) द्वारा एनसीएचएम जेईई-2026 की काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण होने एवं OET राउंड के उपरांत संबद्ध होटल प्रबंधन संस्थानों (आईएचएम) में रिक्त (Residual) सीटों पर **तीन वर्षीय बी.एससी. (हॉस्पिटैलिटी एवं होटल प्रशासन)** पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु **ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा (Online Entrance Test - OET)** आयोजित की जाएगी।

पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित पात्रता शर्तों को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी नीचे उल्लिखित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### 1. ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा (OET) का कार्यक्रम

| गतिविधि | दिनांक एवं समय |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि एवं समय (राउंड-5) | 24.08.2026 (सोमवार), 04:00 बजे तक |
| ओईटी राउंड-5 का आयोजन | 26.08.2026 (बुधवार), प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक |
| राउंड-5 अभ्यर्थियों परिणाम/सीट आवंटन | 02.09.2026 (सोमवार) |

### 2. ऑनलाइन पंजीकरण

1. ओईटी हेतु ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल https://nchmct.in पर उपलब्ध रहेगा।

2. अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर **"Candidate Login"** पर क्लिक कर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करें।

3. पंजीकरण के समय अभ्यर्थियों को अपना सही एवं सक्रिय **ई-मेल आईडी** तथा **मोबाइल नंबर** दर्ज करना अनिवार्य होगा। इनका सत्यापन पंजीकृत ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर पर भेजे गए **वन टाइम पासवर्ड (OTP)** के माध्यम से किया जाएगा।

4. कुछ परिस्थितियों में ई-मेल पर भेजा गया ओटीपी प्राप्त होने में विलंब हो सकता है अथवा वह **Spam/Junk Folder** में प्राप्त हो सकता है। अतः यदि ओटीपी इनबॉक्स में प्राप्त न हो तो अभ्यर्थियों को अपने **Spam/Junk Folder** की भी जाँच करने की सलाह दी जाती है।

5. ओटीपी सत्यापन सफल होने के पश्चात अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र में सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें।

6. अभ्यर्थियों को संबद्ध आईएचएम की अधिकतम उपलब्ध प्राथमिकताएँ अपनी पसंद के क्रम में भरने की सलाह दी जाती है। संस्थान का आवंटन ओईटी में प्राप्त मेरिट तथा आवेदन-पत्र में अभ्यर्थी द्वारा दर्ज प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाएगा।

7. आवेदन-पत्र अंतिम रूप से जमा किए जाने के पश्चात संस्थानों की प्राथमिकताओं में किसी प्रकार का परिवर्तन, संशोधन, विलोपन अथवा नई प्राथमिकता जोड़ने का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

8. अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेजों की स्पष्ट स्कैन प्रति अपलोड करनी होगी। प्रत्येक फाइल **JPG/JPEG** प्रारूप में तथा अधिकतम **200 KB** आकार की होनी चाहिए–
   (क) सफेद पृष्ठभूमि पर नीले अथवा काले रंग की स्याही से किए गए अभ्यर्थी के हस्ताक्षर की स्कैन प्रति।
   (ख) हाल ही का रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ।
   (ग) वैध सरकारी फोटो पहचान-पत्र (आधार कार्ड/पासपोर्ट/मतदाता पहचान-पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस अथवा अन्य कोई सरकारी फोटो पहचान-पत्र)।

**9.** आवेदन-पत्र सफलतापूर्वक जमा करने के उपरांत अभ्यर्थी को ऑनलाइन भुगतान गेटवे पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा।

**10.** अभ्यर्थी को **₹2,000/- (केवल दो हजार रुपये)** का **अप्रतिदेय (Non-refundable) एवं गैर-समायोज्य (Non-adjustable) पंजीकरण शुल्क** ऑनलाइन माध्यम से जमा करना होगा।

**11.** भुगतान नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड अथवा यूपीआई (UPI) के माध्यम से किया जा सकता है।

**12.** केवल वे अभ्यर्थी जिन्होंने निर्धारित ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण शुल्क सफलतापूर्वक जमा किया है, ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे। भुगतान की स्थिति अभ्यर्थी के लॉगिन में **"Successful"** के रूप में प्रदर्शित होने में लगभग **10 मिनट** तक का समय लग सकता है। भुगतान सफल होने पर भुगतान रसीद स्वतः प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगी।

**13.** अभ्यर्थियों को भविष्य के संदर्भ हेतु भुगतान रसीद डाउनलोड कर सुरक्षित रखने की सलाह दी जाती है।

**14.** ₹2,000/- (केवल दो हजार रुपये) का पंजीकरण शुल्क **अप्रतिदेय, गैर-हस्तांतरणीय तथा केवल उसी ओईटी राउंड के लिए वैध होगा, जिसके लिए अभ्यर्थी ने पंजीकरण कराया है।** किसी एक राउंड के लिए जमा किया गया पंजीकरण शुल्क आगामी किसी भी ओईटी राउंड के लिए न तो अग्रेषित (Carry Forward) किया जाएगा, न ही समायोजित किया जाएगा तथा न ही उसे वैध माना जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी आगामी किसी ओईटी राउंड में सम्मिलित होना चाहता है, तो उसे पुनः ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा प्रत्येक राउंड के लिए पृथक रूप से निर्धारित **₹2,000/-** का अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा।

**15.** भुगतान सफल होने पर अभ्यर्थी को एक विशिष्ट **रोल नंबर** आवंटित किया जाएगा, जो प्रवेश पोर्टल पर प्रदर्शित होगा। प्रथम बार लॉगिन करने हेतु यही रोल नंबर **डिफॉल्ट पासवर्ड** के रूप में भी कार्य करेगा। अभ्यर्थियों को प्रथम लॉगिन के पश्चात अपना पासवर्ड तत्काल बदलने तथा नए पासवर्ड को सुरक्षित रखने की सलाह दी जाती है।

**16.** अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन परीक्षा में प्रवेश करते समय सही रोल नंबर का ही उपयोग किया जाए। रोल नंबर अथवा अभ्यर्थी की पहचान में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर, एनसीएचएमसीटी द्वारा सत्यापन उपरांत अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।

**17.** जो अभ्यर्थी Candidate Login के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने में असमर्थ हों, वे सहायता हेतु एनसीएचएमसीटी (NCHMCT) से संबद्ध किसी भी होटल प्रबंधन संस्थान (IHM) से संपर्क कर सकते हैं। संबंधित संस्थान, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी के सत्यापन के उपरांत, अपने अधिकृत Institute Login के माध्यम से ऐसे अभ्यर्थियों का प्रवेश (ऑनबोर्डिंग) Admission Portal पर कर सकता है। संस्थान की भूमिका केवल पंजीकरण प्रक्रिया में सुविधा प्रदान करने तक सीमित होगी। आवेदन में प्रस्तुत सभी सूचनाओं एवं दस्तावेजों की शुद्धता, पूर्णता तथा प्रामाणिकता के लिए पूर्णतः अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा। Institute Login के माध्यम से पंजीकृत अभ्यर्थियों पर केवल उसी संस्थान में उपलब्ध सीटों के विरुद्ध प्रवेश हेतु विचार किया जाएगा, जिसके माध्यम से उन्हें Admission Portal पर ऑनबोर्ड किया गया है।

**18.** स्व पंजीकरण करने वाले तथा संस्थान द्वारा पंजीकृत सभी अभ्यर्थियों-के लिए डिफ़ॉल्ट User ID उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी अथवा मोबाइल नंबर होगी तथा डिफ़ॉल्ट Password अभ्यर्थी को आवंटित Roll Number होगा। प्रथम लॉगिन के समय, सुरक्षा की दृष्टि से सभी अभ्यर्थियों के लिए डिफ़ॉल्ट पासवर्ड को अनिवार्य रूप से बदलना आवश्यक होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने User ID तथा परिवर्तित (नया) Password को सुरक्षित रखें, क्योंकि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित भविष्य की सभी गतिविधियों हेतु इन्हीं का उपयोग किया जाएगा।

**19.** NCHM Admission Portal (https://nchmct.in/login) प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी गतिविधियों के लिए प्रमुख मंच (Primary Platform) होगा। अभ्यर्थी अपने-अपने लॉगिन के माध्यम से परीक्षा कार्यक्रम, ऑनलाइन परीक्षा लिंक, परीक्षा परिणाम, संस्थान (IHM) आवंटन का विवरण, सीट आवंटन प्रस्ताव-पत्र (Seat Allotment Offer Letter), Seat Acceptance Fee (SAF) के भुगतान की रसीद तथा अस्थायी सीट आवंटन पत्र (Provisional Seat Allotment Letter) देख एवं डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी अद्यतन सूचनाओं, अधिसूचनाओं तथा आगामी निर्देशों के लिए वे नियमित रूप से NCHM Admission Portal का अवलोकन करते रहें।

**18.** एनसीएचएमसीटी से संबद्ध होटल प्रबंधन संस्थानों (आईएचएम) की सूची एनसीएचएमसीटी की वेबसाइट **www.nchm.gov.in** के मुखपृष्ठ पर उपलब्ध **"Institutes"** अनुभाग में देखी जा सकती है। पंजीकरण संबंधी सहायता प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थी अपनी सुविधा अनुसार किसी भी संबद्ध आईएचएम से संपर्क कर सकते हैं।

**3. ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा (OET) का संचालन**

**1.** परीक्षा का लिंक संबंधित अभ्यर्थी के लॉगिन पर प्रवेश पोर्टल में उपलब्ध कराया जाएगा।
**2.** परीक्षा का लिंक केवल निर्धारित परीक्षा अवधि के दौरान ही सक्रिय रहेगा।
**3.** अभ्यर्थी किसी भी स्थान से डेस्कटॉप कंप्यूटर/लैपटॉप/टैबलेट/स्मार्टफोन तथा स्थिर (Stable) इंटरनेट कनेक्शन का उपयोग करते हुए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**4.** अभ्यर्थियों को निर्धारित परीक्षा समय प्रारम्भ होने से पर्याप्त पूर्व लॉगिन करना होगा तथा निर्धारित परीक्षा अवधि समाप्त होने से पूर्व परीक्षा सफलतापूर्वक जमा (Submit) करनी होगी। निर्धारित समय के उपरांत प्रस्तुत (Submit) की गई उत्तर-पुस्तिका स्वीकार नहीं की जाएगी।

**5.** अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा में प्रयुक्त उपकरण (जहाँ लागू हो) में पर्याप्त बैटरी बैकअप उपलब्ध हो, वे अद्यतन (Updated) वेब ब्राउज़र का उपयोग कर रहे हों तथा परीक्षा की संपूर्ण अवधि के दौरान निर्बाध (Uninterrupted) इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध हो।

**6.** अभ्यर्थी के स्तर पर इंटरनेट कनेक्टिविटी में व्यवधान, विद्युत आपूर्ति बाधित होने, हार्डवेयर में खराबी अथवा किसी अन्य तकनीकी समस्या के कारण उत्पन्न किसी भी कठिनाई के लिए एनसीएचएमसीटी उत्तरदायी नहीं होगा।

**4. परीक्षा का स्वरूप (Pattern of Examination)**

**परीक्षा की अवधि :** 60 मिनट
**कुल प्रश्न :** 60 बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions - MCQs)

| विषय | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|
| संख्यात्मक योग्यता एवं विश्लेषणात्मक अभिरुचि | 10 |
| तर्कशक्ति एवं तार्किक निष्कर्ष | 10 |
| सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक घटनाएँ | 10 |
| अंग्रेज़ी भाषा | 20 |
| सेवा क्षेत्र के प्रति अभिरुचि | 10 |
| **कुल** | **60** |

प्रत्येक प्रश्न के लिए **एक (1) अंक** निर्धारित होगा। प्रत्येक गलत उत्तर पर **0.25 अंक** की ऋणात्मक अंकन (Negative Marking) लागू होगी। जिन प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया जाएगा, उन पर कोई अंक नहीं काटा जाएगा।

यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों (Unfair Means) का प्रयोग करता है, किसी अन्य अभ्यर्थी का प्रतिरूपण (Impersonation) करता है, एक से अधिक लॉगिन का उपयोग करता है, स्क्रीन-शेयरिंग सॉफ्टवेयर अथवा किसी अन्य प्रतिबंधित माध्यम का उपयोग करता पाया जाता है, तो उसकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाने हेतु उत्तरदायी होगी।

**5. परिणाम घोषणा एवं सीट आवंटन**

1. परिणाम केवल उन्हीं अभ्यर्थियों का घोषित किया जाएगा जिन्होंने निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण कर उसे समय पर प्रस्तुत (Submit) किया हो।

2. अभ्यर्थियों की मेरिट सूची ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा (OET) में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

3. सीटों का आवंटन अभ्यर्थी द्वारा ओईटी में प्राप्त मेरिट, आवेदन-पत्र में दर्ज संस्थानों की प्राथमिकताओं तथा उपलब्ध रिक्त (Residual) सीटों के आधार पर किया जाएगा।

4. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम घोषणाओं एवं सीट आवंटन संबंधी जानकारी के लिए प्रवेश पोर्टल का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

5. सीट आवंटन के उपरांत आवंटित संस्थान में परिवर्तन, स्थानांतरण (Transfer), माइग्रेशन (Migration) अथवा उन्नयन (Upgradation) संबंधी कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

6. जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की जाएगी, वे प्रवेश पोर्टल से अपना **सीट आवंटन प्रस्ताव पत्र (Seat Allotment Offer Letter)** डाउनलोड कर सकेंगे।

**परीक्षा के संचालन, मेरिट सूची तैयार करने, सीट आवंटन तथा प्रवेश से संबंधित सभी मामलों में एनसीएचएमसीटी का निर्णय अंतिम एवं सभी अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।**

**6. सीट स्वीकृति शुल्क (Seat Acceptance Fee - SAF) का भुगतान**

**1.** जिन अभ्यर्थियों को आवंटित सीट स्वीकार करनी है, उन्हें प्रवेश पोर्टल पर अपने लॉगिन में प्रदर्शित निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन भुगतान सुविधा के माध्यम से **₹20,000/- (रुपये बीस हजार मात्र)** का **सीट स्वीकृति शुल्क (Seat Acceptance Fee - SAF)** जमा करना होगा।

**2.** भुगतान नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड अथवा यूपीआई (UPI) के माध्यम से किया जा सकता है।

**3.** सीट स्वीकृति शुल्क का सफलतापूर्वक भुगतान करने के उपरांत अभ्यर्थी **सीट आवंटन पत्र (Seat Allotment Letter)** डाउनलोड कर सकेंगे।

**4.** अभ्यर्थियों को भविष्य के संदर्भ हेतु भुगतान रसीद डाउनलोड कर सुरक्षित रखने की सलाह दी जाती है।

**7. दस्तावेज़ सत्यापन एवं प्रवेश**

जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की जाएगी, उन्हें संबंधित संस्थान द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर निम्नलिखित मूल दस्तावेजों के साथ आवंटित संस्थान में उपस्थित होकर दस्तावेज़ सत्यापन कराना होगा–

1. अनंतिम सीट आवंटन पत्र (Provisional Seat Allotment Letter)।
2. वैध सरकारी फोटो पहचान-पत्र।
3. कक्षा X की अंकतालिका एवं उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र।
4. कक्षा XII की अंकतालिका एवं उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र।
5. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण-पत्र (जहाँ लागू हो)।
6. हाल ही के दस रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ।
7. चिकित्सीय स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र (Medical Fitness Certificate)।
8. कक्षा XII उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने संबंधी उपक्रम (Undertaking), जहाँ लागू हो।

दस्तावेज़ों का सत्यापन संबंधित संस्थान द्वारा किया जाएगा तथा सत्यापन के उपरांत मूल दस्तावेज़ अभ्यर्थी को वापस कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी को संबंधित संस्थान द्वारा निर्धारित **प्रथम सेमेस्टर शुल्क** जमा करना होगा। **₹20,000/-** का सीट स्वीकृति शुल्क प्रथम सेमेस्टर शुल्क के विरुद्ध समायोजित (Adjust) कर दिया जाएगा।

**8. सामान्य निर्देश**

**1.** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम घोषणाओं, परीक्षा संबंधी अद्यतन सूचनाओं एवं सीट आवंटन की जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रवेश पोर्टल का नियमित रूप से अवलोकन करें तथा अपने पंजीकृत ई-मेल आईडी (Spam/Junk Folder सहित) की नियमित जाँच करते रहें।
**2.** ई-मेल प्राप्त न होने, प्रवेश पोर्टल का नियमित अवलोकन न करने अथवा अभ्यर्थी की किसी भी त्रुटि अथवा लापरवाही के कारण होने वाली किसी भी देरी के लिए एनसीएचएमसीटी उत्तरदायी नहीं होगा।
**3.** प्रवेश, एनसीएचएमसीटी द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों की पूर्ति तथा मूल दस्तावेजों के सफल सत्यापन के अधीन होगा।
**4.** निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करने के हित में, एनसीएचएमसीटी आवश्यकतानुसार प्रवेश प्रक्रिया के किसी भी भाग में संशोधन, परिवर्तन, स्थगन अथवा निरस्तीकरण करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
**5.** अभ्यर्थियों को सभी नवीनतम सूचनाओं एवं अद्यतन जानकारी के लिए **www.nchm.gov.in** तथा **https://nchmct.in** का नियमित रूप से अवलोकन करने की सलाह दी जाती है।
**6.** किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए अभ्यर्थी कार्यदिवसों में प्रातः **9:30 बजे से सायं 5:30 बजे** के मध्य निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं– **0120-2590603 / 0120-2590613 / 0120-2590602**

**निदेशक (प्रशासन एवं वित्त)**
**राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं केटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद**